an>

Title: Regarding frequent railway accidents at Magahar railway station in Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): महोदय, मैं आपका ध्यान लोक महत्व के अत्यंत आवश्यक प्रश्न पर दिलाना चाहता हू। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मगहर, जो संत कबीर की निर्वाण स्थली है, में एक फुट ओवरब्रिज बना है। वह फुट ओवरब्रिज पूरा न होने के कारण मगहर टाउन एरिया दो भागों में बंट गया है। वहां से बच्चों को पढ़ने के लिए आने-जाने में, अन्य लोगों के आने-जाने में अनेक एक्सीडेंट एवं मौतें हो चुकी हैं। जब लोगों ने अपने अधिकार की मांग की, तो उस पर सरकार ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। हमने इसको कई बार लिखकर भी माननीय रेलमंत्री को दिया है, लेकिन अभी तक इस पर कार्रवाई नहीं हुई है। उस फुट ओवरब्रिज का बनना नितांत आवश्यक है जिससे वहां के बच्चे दुर्घटना से बचें और वहां पर एक अंडरपास बना है, रेलवे लाइन जब बन रही थी, तो रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जब यह बड़ी लाइन बन जाएगी, तब इस अंडरपास को चालू कर देंगे। उस पर ट्रैफिक बहुत बढ़ गया है। फुट ओवरब्रिज को पूरा किया जाना चाहिए। दूसरे, जो रेलवे का अंडरपास है, जिसको अधिकारियों ने कहा था कि समय से बन जाएगा, बड़ी लाइन पूरी जाएगी, तो इसे चालू कर देंगे, लेकिन छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित हुए दस साल से अधिक समय हो गया, लेकिन उसे शुरू नहीं किया गया है। अंडरपास में पानी आ जाता है और पूरा आवागमन बाधित होता है जिससे वह कस्बा दो भागों में बंट जाता है। जल जमाव से अनेक बीमारियां भी होती हैं, पूरा ट्रैफिक रूक जाता है। हमारी मांग है वहां पर एक ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए और फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए।